3. Rehabilitating assets - rolling stock and track.

4. Introducing high horsepower and fuel efficient locomotives.

5. Gradually replacing the old vaccum braked wagons by modern air-braked wagons of high capacity.

6. Introducing self discharge wagons of BOBR type for coal movement.

7. Improving the signalling system-

मनमाड और दौंड के बीच रेलवे स्टेशनों पर मूल सुविधाओं की कमी

5566. श्री गोविन्दराव आदिक : क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि मनमाड और दौंड के बीच कई रेलवे स्टेशनों पर पूर्णकालीन टिकट काउंटर, पीने का पानी, शेड और यात्रियों के लिए अन्य सुविधाएं उपलब्ध नहीं हैं ; और

(ख) यदि हां, तो इस रेलवे लाइन के सभी स्टेशनों पर उपरोक्त सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए सरकार क्या कदम उठा रही है ?

रेल मंत्री (श्री सी०के० जाफ़र शरीफ़) : (क) और (ख) मनमाड तथा दौंड खंड पर, अहमदनगर तथा बेलापुर स्टेशनों पर पूर्णकालिक टिकट काउंटर हैं । अन्य स्टेशनों पर, सम्हाले जा रहे यात्री यातायात की मात्रा की दृष्टि से पूर्णकालिक बुकिंग काउंटरों की व्यवस्था करने का औचित्य नहीं बनता ।

सभी स्टेशनों पर मूलभूत यात्री सुविधाओं से संबंधित कमियों को हाल ही में दूर कर दिया गया है । दौंड-मनमाड खंड के सभी स्टेशनों पर पेयजल की पर्याप्त व्यवस्था की गई है । जहां तक प्लेटफार्म सायबानों का संबंध है यह अहमदनगर, विलाड़ बेलापुर तथा कोपरगांव स्टेशनों पर ये पहले ही उपलब्ध हैं । अन्य रेलवे स्टेशनों पर सायबानों में वृद्धि तथा व्यवस्था करने पर भी विचार किया जाएगा यदि यातायात की मात्रा में वृद्धि होने पर ऐसा करना आवश्यक होगा बशर्ते कि धन उपलब्ध हो तथा विभिन्न स्टेशनों की सापेक्ष प्राथमिकताएं हों ।

मुम्बई-दौंड मनमाड यात्री रेलगाड़ी का रद्द किया जाना

5567. श्री गोविन्दराव आदिक : क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि मुम्बई-दौंड मनमाड यात्री रेलगाड़ी पिछले कुछ वर्षों से रद्द कर दी गयी है ;

(ख) यदि हां, तो क्या यह भी सच है कि मानमाड-दौंड और मानमाड के बीच के शहरों से मुम्बई के लिए कोई सीधी रेलगाड़ी उपलब्ध नहीं है ;

(ग) यदि हां, तो क्या सरकार इस क्षेत्र की जनता की मांग को ध्यान में रखते हुए मुम्बई और अहमदनगर के बीच कोई नई रेलगाड़ी शुरू करने के बारे में सोच रही है ;

(घ) यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है ; और

(ङ) यदि नहीं, तो उसके क्या कारण हैं ?

रेल मंत्री (श्री सी०के० जाफ़र शरीफ़) : (क) जी नहीं । बहरहाल 1321/1322 बम्बई-पुणे-दौंड-मानमाड पसेंजर गाड़ी 1-5-88 से केवल बम्बई-पुणे खंड पर बन्द की गई है ।

(ख) जी हां । बहरहाल, अहमदनगर मानमाड के रास्ते दौंड और मुम्बई के बीच एक थ्रू कोच उपलब्ध है ।